
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कोटा
जल जीवन मिशन – हर घर जल हर घर नल
जल एवं स्वच्छता समिति एक दिवसीय प्रशिक्षण

# हर घर नल का सपना साकार होगा

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बूढ़ादीत।

बडौद कस्बे के कोटड़ा दीप सिंह पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित होने वाली गांव की पेयजल योजनाएं अब जनता की प्यास बुझाएगी।



वर्ष 2024 तक हर घर जल और हर घर नल का सपना साकार होगा। ग्राम की ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गांव की पेयजल योजनाओं को प्राथमिकता संधारण कर ग्रामीण जन को पेयजल मुहैया कराएगी। सुल्तानपुर पंचायत समिति की कोटड़ा दीप सिंह ग्राम पंचायत पर आयोजित ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक कमल किशोर शर्मा परामर्शदाता सीसीडीयू ने जल जीवन मिशन के तहत लक्ष्य एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पेयजल बचाने के विभिन्न आयामों एवं भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मात्राओं के बारे में बताते हुए स्वच्छ एवं गुणवत्ता युक्त पेयजल के बारे में बताया।

प्रशिक्षक डॉ पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति से जन जागरूकता निरंतर करते रहने का आह्वान किया तथा ग्रामीणों की सहभागिता पर बल दिया तथा ग्रामीणों के द्वारा ही पेयजल योजनाओं का प्रबंधन करने के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डाला जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार गोचर ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के कार्य व होने वाले कार्यों पर प्रकाश डालते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी। सरपंच संतोष ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत को पेयजल योजना स्वीकृत करने पर विभाग का आभार जताया। साथ ही पंचायत का पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी जगदीश नागर, प्रधानाचार्य, वार्ड पंच गण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, महिला एवं स्वयं सहायता समूह सदस्य ,सामाजिक कार्यकर्ता समेत ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

Date - 27.02.2021